DFA

बिहार सरकार
योजना एवं विकास विभाग
(अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय)

अर्द्धसरकारी पत्र सं०–औ०उ०सू०–10/2006 234/पटना, दिनांक– 26-02-2014

प्रिय श्री,

....

....

विषयः– औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के आकलन के निमित्त आधार वर्ष, 2004–05 (अप्रैल, 2004 से मार्च, 2005 तक) का माहवार प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।

आप अवगत है कि अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, बिहार, द्वारा आधार वर्ष 2004–05 के आलोक में राज्य स्तरीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के आकलन के निमित्त 512 औद्योगिक इकाइयाँ चयनित हैं। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के आकलन हेतु उक्त चयनित औद्योगिक इकाइयों के चयनित सामग्री/पदार्थों के चालू माह में उत्पादन तथा उनके मूल्य संबंधी आंकड़ों के अतिरिक्त आधार वर्ष 2004–05 (अप्रैल, 2004 से मार्च, 2005) के लिए भी चयनित सामग्री/पदार्थों के माहवार संगत आँकड़ों की आवश्यकता होती है। ये आंकड़ें जिलों के औद्योगिक केन्द्रों से प्राप्त होते हैं।

इस संबंध में निदेशालय स्तर से कई बार स्मारित किए जाने के बाद भी आधार वर्ष के लिए आंकड़ों की प्राप्ति की स्थिति काफी दयनीय है। फलतः राज्य के औद्योगिक विकास की स्थिति को प्रतिबिम्बित करने वाले राज्य स्तरीय इस महत्वपूर्ण आर्थिक सूचकांक का आकलन संभव नही हो पा रहा है।

इसके अतिरिक्त चयनित औद्योगिक इकाइयों के चयनित सामग्री/पदार्थों के लिए चालू माह के प्रतिवेदन प्राप्ति की स्थिति भी काफी असंतोषजनक है। प्रतिवेदन या तो प्राप्त नही होते हैं अथवा प्राप्त प्रतिवेदन निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप नही होते है।नया विहित प्रपत्र आपको पूर्व में ही लभ्य कराया जा चुका है।

चूँकि औद्योगिक सांख्यिकी के आँकड़ों के स्त्रोत जिला उद्योग केन्द्र है इसलिए इन आँकड़ों के संग्रहण हेतु उक्त कार्यालय से आपका बेहतर समन्वय होना आवश्यक है। संबंधित महाप्रबंधक, जिला औद्योगिक केन्द्र द्वारा जिला स्तर पर उनके क्षेत्रीय कर्मियों के कार्यों की समीक्षा हेतु आयोजित मासिक बैठक में स्वयं भाग लेकर अथवा अपने किसी वरीय एवं अनुभवी कर्मी को भेजकर भी वांछित आँकड़ों का संग्रहण कराया जा सकता है। महाप्रबंधक, जिला औद्योगिक केन्द्र अथवा उनके किसी प्रतिनिधि को भी अपने कार्यालय के मासिक समीक्षात्मक बैठक में नियमित रूप से शामिल होने हेतु आमंत्रित किया जा सकता है।

अतः अनुरोध है कि व्यक्तिगत अभिरूचि लेते हुए आधार वर्ष 2004–05 के लिए अप्रैल, 2004 से मार्च, 2005 तक तथा जनवरी, 2012 से लम्बित अनुवर्ती माहों के प्रतिवेदन नये विहित प्रपत्र में शीघ्र भेजना सुनिश्चित किया जाए। साथ हीं, प्रत्येक माह के लिए वांछित प्रतिवेदन अनुवर्ती माह की 10वीं तारीख तक निदेशालय को निश्चित रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

(रेनु लता)
निदेशक।

सेवा में,

....
जिला सांख्यिकी पदाधिकारी,
....
....

ज्ञापांक– 234 /पटना, दिनांक– 26.02.14

प्रतिलिपि :–उद्योग निदेशक, उद्योग निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि सभी महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र को नये विहित प्रपत्र में वांछित सूचनाएँ शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु निदेश देने की कृपा की जाय।

निदेशक।

ज्ञापांक– 234 /पटना, दिनांक– 26.02.14

प्रतिलिपि :–सभी प्रमंडलीय उप निदेशक (सांख्यिकी) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक संबंधी प्रतिवेदन प्राप्ति हेतु पत्राचार सूची

क्र.सं.	जिला का नाम	जिला सांख्यिकी पदाधिकारियों का नाम
1	पटना	श्री राजदेव दास
2	नालन्दा	श्री राजेश कुमार (प्रभारी)
3	भोजपुर	श्री एस.के.सुधांशू
4	बक्सर	श्री बिन्देश्वर राम
5	रोहतास	श्री विरेन्द्र कुमार
6	कैमूर	श्री सुमेश्वर प्रसाद
7	गया	सुश्री शशि प्रभा
8	नवादा	श्री शशि भूषण
9	जहानाबाद	सुश्री सरिता कुमारी
10	औरंगाबाद	श्री अजय कुमार चौधरी
11	सारण	सुश्री संध्या सुरभी
12	सीवान	श्री उपेन्द्र कुमार
13	गोपालगंज	श्री सुरेश पासवान
14	सीतामढ़ी	श्री अजीत कुमार
15	पूर्वी चम्पारण	श्री अखिलेश्वर कुमार वर्मा (प्रभारी)
16	प० चम्पारण	श्री जय किशुन सिंह
17	मुजफ्फरपुर	सुश्री रश्मि कुमारी
18	वैशाली	श्री मिथिलेश कुमार
19	दरभंगा	श्री कमल किशोर वर्मा
20	समस्तीपुर	श्री उपेन्द्र प्रसाद (प्रभारी)
21	मधुबनी	श्री विपिन कुमार
22	बेगूसराय	श्री गणेश राम
23	मुंगेर	श्री चन्द्र किशोर वैद्य
24	लखीसराय	श्री पारस नाथ चौधरी
25	जमुई	श्री सत्येन्द्र कुमार चौधरी
26	शेखपुरा	श्री रंजन कुमार दास
27	भागलपुर	श्री शंभू प्रसाद यादव
28	बांका	श्री संतोष कुमार सिन्हा
29	सहरसा	श्री संजय गंगवार (प्रभारी)
30	सुपौल	श्री भीम शर्मा
31	पूर्णिया	श्री प्रवीण कुमार
32	कटिहार	मो० सलीम अंसारी
33	किशनगंज	श्री अवधेश कुमार राम
34	अररिया	श्री महेश प्रसाद

20/02/14

सभी प्रमंडलीय उप निदेशक की सूची

क्र.सं.	प्रमंडल का नाम	पदनाम
1	पटना	उप निदेशक
2	~~गया~~ मगध	उप निदेशक
3	मुजफ्फरपुर	उप निदेशक
4	मुंगेर	उप निदेशक
5	दरभंगा	उप निदेशक
6	भागलपुर	उप निदेशक
7	सहरसा	उप निदेशक
8	सारण	उप निदेशक
9	पूर्णिया	उप निदेशक

20/02/19